जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

ہمارا وطن ہفت روزہ

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 61 अंक-32 जयपुर, सोमवार, 25 अगस्त, 2025 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

## पुतिन-जेलेंस्की करेंगे भारत का दौरा: ट्रंप के टैरिफ वॉर के बीच भारत दिखा रहा गजब की डिप्लोमेसी



**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** भारत और रूस की दोस्ती से अमेरिका नाखुश है जिसने रूस से तेल खरीदने पर टैरिफ बढ़ा दिया है। इस बीच खबर है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की दोनों ही इस साल भारत का दौरा कर सकते हैं। यूक्रेन के राजदूत ने कहा कि पीएम मोदी ने जेलेंस्की को भारत आने का न्योता दिया है और तारीख तय की जा रही है।

भारत और रूस के बीच की दोस्ती अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को नहीं भा रही रही है। रूस से तेल खरीदने के कारण उन्होंने भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान कर दिया है। जहां एक और भारत और रूस की दोस्ती जगजाहिर है। वहीं, अब यक्रेन के साथ भी भारत के संबंध संतुलित हैं।इस बीच एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसे जानने के बाद अमेरिका की बेचैनी बढ़ सकती है। दरअसल, इस साल के अंत में रूस राष्ट्रपति भारत आ सकते हैं। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति के भी इस साल भारत आने के संकेत मिले हैं। भारत में यूक्रेन के राजदूत ने इस बात के संकेत दिए हैं।

शनिवार को भारत और यूक्रेन के रिश्तों में एक नई तस्वीर देखने को मिली है। दिल्ली स्थित कुतुब मीनार यूक्रेन के स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर यूक्रेन के राष्ट्रीय झंडे से रोशन हो गया। इसी बीच भारत में यूक्रेन के राजदूत ऑलेक्जेंडर पोलिशचुक ने समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा कि भारत और यूक्रेन के बीच भविष्य की राणनीतिक साझेदारी की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

यूक्रेन के राजदूत ऑलेक्जेंडर पोलिशचुक ने कहा कि पीएम मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमीर जेलेंस्की को भारत आने का न्योता दिया है और दोनों पक्ष फिलहाल तारीख तय करने पर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति जेलेंस्की का भारत आना दोनों देशों के रिश्तों के लिए बड़ी उपलब्धि होगा।

इसी साल के अंत में रूस के राष्ट्रपति भी भारत के दौरे पर आने वाले हैं। हाल के दिनों में भी भारत के सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने पुष्टि की थी कि पुतिन इसी साल के अंत में भारत के दौरे पर आएंगे।

गौरतलब है कि रूस राष्ट्रपति पुतिन का दौरान ऐसे समय पर हो रहा है, जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक रिश्तों में तनाव है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूस से तेल खरीदने को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने भारत टैरिफ 50 प्रतिशत बढ़ा दिया है।



## खादी बोर्ड की कार्यशाला में उद्यमियों को सशक्त बनाने पर हुई चर्चा

**रांची (हमारा वतन)।** झारखंड राज्य खादी बोर्ड की ओर से मंगलवार को रैंप योजना (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार) के तहत कार्यशाला की गयी। झारखंड राज्य की खादी संस्थाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कार्यशाला हुई। अध्यक्षता बोर्ड की सीइओ सुमन पाठक व खादी ग्रामोद्योग आयोग, रांची के निदेशक मांगे राम ने की।

इस दौरान राज्य के खादी उद्यमियों को सशक्त बनाने, ग्रामीण उद्योगों को मजबूती प्रदान करने, वित्तीय समावेशन और सतत विकास के माध्यम से आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने सहित अन्य बिंदुओं पर बात हुई। इसके साथ ही खादी के आधुनिकीकरण व विपणन की आवश्यकता पर विशेष चर्चा की गयी।

इस अवसर पर सीइओ ने कहा कि राज्य में खादी संस्थानों को मजबूत करना समय की मांग है ताकि किसी भी प्रकार की बाजार प्रतिस्पर्धा का सामना मजबूती से कर सकें। खादी व ग्रामोद्योग आयोग, रांची के निदेशक मांगे राम ने केवीआइसी के साथ नयी खादी इकाइयों के पंजीकरण की आवश्यकता और प्रक्रिया के बारे में बताया।



## श्री राम कथा: कथा के दौरान कथावाचक पंडित चंद्रप्रकाश शास्त्री भागवत भूषण सम्मान से हुए सम्मानित

**जयपुर (हमारा वतन)।** मोरीजा स्थित श्री करणी वाटिका में श्री खेड़ापति बालाजी सेवा समिति ट्रस्ट खाचरियावास के तत्वावधान में चल रही श्री राम कथा एवं श्री राम महायज्ञ में प्रातः काल आचार्य पंडित गोपाल शास्त्री, रवि शास्त्री के सानिध्य में यजमानों द्वारा पूजन करवाकर कथा का आरम्भ करवाया।

कथा के दौरान सर्व समाज जागृति संघ के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश चन्द शर्मा ने कथा वाचक पंडित चंद्र प्रकाश शास्त्री की कथा सुनकर उनके उच्च कोटि के विचार व योग्यता देखकर उनको भागवत भूषण सम्मान से नवाजा । शर्मा ने व्यास पीठ पर विराजित पंडित चंद्र प्रकाश शास्त्री को मोतियों की माला, दुपट्टा, निधि राशि भेंट कर भागवत भूषण सम्मान प्रदान किया।

समाजसेवी कालू सिंह चारण ने बताया कि आज पंचम दिवस की कथा में राजस्थान के सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित चंद्र प्रकाश शास्त्री ने श्री राम विवाह,राम वनवास, केवट प्रसंग, भरत राम मिलाप प्रसंग की कथा का रसपान कराया। शास्त्री ने बताया कि प्रभु श्री राम को राजा बनाया जा रहा था लेकिन राम के भाग्य में वनवास लिखा था। जब भगवान राम अयोध्या वासियों को छोड़कर जाने लगे तो अयोध्यावासी रोने लगे, हे राम हमें छोड़कर मत जाओ, कभी-कभी भगवान को भी भक्तों से काम पड़ जाता है, गंगा पार प्रभु केवट की नाव चढ़े भजन गाकर भक्तों को भाव विभोर किया। भगवान हमेशा भक्तों के लिए ही इस पृथ्वी पर अवतार लेते हैं। वृंदावन के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भगवान राम सीता विवाह एवं केवट प्रसंग की सुंदर झांकी सजाई गई। अंत में सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान डॉ. पवन तिवाडी, बसंत लालानी सहित आसपास के हजारों भक्तजन भाग ले रहे हैं।

## अपना घर आश्रम ने 6 माह से लापता युवक को परिवार से मिलाया



**उदयपुर (हमारा वतन)।** बेदला स्थित अपना घर आश्रम उदयपुर की सेवा और प्रयासों से बुधवार को एक भावुक दृश्य देखने को मिला, जब छह माह से लापता युवक अखिलेश कुमार अपने परिजनों से मिल पाया।

आश्रम अध्यक्ष गोपाल कनेरिया ने बताया कि 19 अप्रैल 2025 को कोड़ियात अनंता रोड से राजेंद्र सिंह की सूचना पर आश्रयहीन एक युवक को नग्न अवस्था में रेस्क्यू कर आश्रम में सेवा, उपचार एवं पुनर्वास हेतु भर्ती किया गया ।

मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह घर से भटक गए थे। आश्रम टीम द्वारा की गई काउंसलिंग के दौरान उन्होंने गंगापुर, डॉक्टर टोला, मधेपुरा (बिहार) निवासी होना बताया। आश्रम प्रभारी सुल्तानसिंह ने इंटरनेट के माध्यम से सर्च कर डाक्टर टोला के पायल पान पैलेस उनकी जानकारी और तस्वीर साझा की गई, जिसके आधार पर परिवार तक सूचना पहुँची। सूचना मिलते ही उनके पिता सिकंदर ठाकुर, चाचा अरुण ठाकुर, अभिनंदन ठाकुर और फूफा भोला ठाकुर उदयपुर पहुँचे।

आश्रम की आवश्यक कागजी कार्यवाही पूरी कर आश्रम अध्यक्ष गोपाल कनेरिया, सचिव अशोक कोठारी, सह सचिव सुनील चौहान, वित्त सचिव प्रकाश जोशी, प्रभारी सुल्तान सिंह और सूचनादाता राजेंद्र सिंह द्वारा प्रभुजी को तिलक, उपरना, पगड़ी पहनकर सकुशल अखिलेश कुमार को परिवारजनों के साथ अपने घर के लिए विदा किया । पिता और पुत्र गले मिले तो आश्रम का वातावरण भाव-विभोर हो उठा।

## क्षतिग्रस्त भवनों की मरम्मत को लेकर विधायक यादव ने कलेक्टर को लिखा पत्र



**शाहपुरा (हमारा वतन)।** क्षेत्रीय विधायक मनीष यादव ने जिला कलेक्टर जयपुर को राजकीय विद्यालयों के भवनों, आंगनबाडी केन्द्र व अन्य कई राजकीय भवनों की SDRF से मरम्मत के लिए पत्र लिखा है ।

विधायक यादव ने कहा कि क्षेत्र में संचालित राजकीय विधालयों के विद्यालय भवनों, आंगनबाडी केन्द्र व अन्य कई राजकीय भवन मानसून वर्ष 2025 में भारी बारिश से जर्जर हो गये हैं।

जिनकी मरम्मत के लिए राज्य आपदा मोचन निधि से राशि स्वीकृत करवाकर जारी करावें, ताकि विद्यार्थी व अन्य कार्मिक भयमुक्त वातावरण में अध्ययन व राजकार्य कर सके।

# साइबर सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण हेतु छात्राओं को किया जागरूक

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय, चौमूं में राज्य महिला नीति, बालिका सुरक्षा समिति एवं साइबर सेल के संयुक्त तत्वावधान में छात्रा सुरक्षा एवं साइबर सिक्योरिटी विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राजेंद्र कुमार ने कहा कि साइबर सिक्योरिटी के बारे में सभी छात्राओं को जागरूक होना आवश्यक है। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पुलिस थाना चौमूं से सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार थे। उन्होंने छात्राओं को विभिन्न कानूनों की जानकारी दी। उन्होंने वर्तमान समय में घटित हो रहे साइबर अपराधों की जानकारी दी तथा उनसे बचने के उपाय बताए। कांस्टेबल हंसा यादव, सुमन यादव व गीता ने गरिमा हेल्पलाइन नंबर, साइबर हेल्पलाइन नंबर तथा पुलिस सहायता नंबर भी छात्राओं से साझा किये। साइबर सेल संयोजक प्रो. मीनाक्षी जैन ने कहा कि सत्र




पर्यंत साइबर सुरक्षा की जानकारी के प्रसार करने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

राज्य महिला नीति समन्वयक प्रो. माधुरी गोस्वामी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि महिलाओं को जागरूक व सुरक्षित महसूस करवाने के लिए चौमूं पुलिस का सहयोग निरंतर मिलता रहा है। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो दीपाली जैन एवं छात्रा सुरक्षा समिति संयोजक प्रो. हंसा लुनायच ने भी छात्राओं को सभी को जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम में कंप्यूटर अनुदेशक शिव सैनी ने तकनीकी सहायता प्रदान की।

# बड़ा फैसला: रेलवे के सभी कर्मचारियों को मिलेगी पीने के पानी की बोतल

**जयपुर (हमारा वतन)।** उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ की दो दिवसीय PNM के दौरान संघ ने कर्मचारियों के हित में रेलवे के सबसे बड़े कैडर को सबसे बड़ी समस्या से निजात मिलेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ और उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल प्रसाशन दोनों के मध्य सम्पन्न दो दिवसीय 21,22 अगस्त को कर्मचारियो के हित में सबसे बड़ा फैसला हुआ है।

इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों, ट्रैकमैन, गेटमैन, ट्राली मैन सहित सभी कर्मचारियों को पीने के पानी की बोतल नहीं मिल रही थी। इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों द्वारा उतर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ को अवगत कराया,तब PRMS के मंडल अध्यक्ष सौरभ दीक्षित द्वारा इसके लिए रेल प्रशासन को पत्र लिखकर अवगत कराया तथा उसके बाद रेल प्रशासन के साथ होने वाली स्थाई वार्ता तंत्र (PNM) में आईटम नंबर 74/24 लिया और उसके पश्चात इंजीनियरिंग विभाग के सभी कर्मचारियों को पीने की पानी की बोतल वितरण करने का निर्णय लिया गया।

अब इंजीनियरिंग विभाग के सभी कर्मचारियों को 02 लीटर की पानी की बोतल का वितरण किया जाएगा,जिसे वो अपनी ड्यूटी के दौरान पीने के पानी के लिए काम ले सकेंगे , जिससे उन्हें ड्यूटी के दौरान पीने की पानी की समस्या नहीं रहे।

# उदयवीर सिंह यादव को मिला माँ भारती सेवा सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** उदयवीर सिंह यादव को संगम अकादमी कोटा द्वारा माँ भारती सेवा सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें राष्ट्र हित और समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया है, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है। उदयवीर सिंह यादव की सेवाओं और योगदान को ध्यान में रखते हुए यह सम्मान दिया गया है। उदयवीर सिंह यादव एक प्रेरणादायक व्यक्ति त्व हैं जिन्होंने सेना में अपनी




सेवा के दौरान दिव्यांग होने के बावजूद हार नहीं मानी और समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इससे पहले उन्हें भव्या फाउंडेशन द्वारा भारत श्री सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है।

उदयवीर सिंह यादव की कहानी हमें सिखाती है कि जीवन में कठिनाइयाँ आती हैं, लेकिन हमें हार नहीं माननी चाहिए और अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। जीवन एक संघर्ष है।

# श्री श्याम सत्संग परिवार चौंप का 21वां वार्षिक उत्सव 3 सितंबर को

जयपुर (हमारा वतन ) हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्याम सत्संग परिवार चौंप का 21वां वार्षिकोत्सव और श्री श्याम भजन संध्या 3 सितंबर को शाम 7:15 बजे से आयोजित की जाएगी। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम माधोका की ढाणी, आरसीए स्टेडियम के पीछे, एसबीआई बैंक के पास चौंप जयपुर में आयोजित किया जाएगा।



आयोजक नाथू दूधवाला ने बताया कि कार्यक्रम हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य महाराज का सानिध्य मिलेगा। बाबा का श्रृंगार हनुमान गोयल द्वारा किया जाएगा। वहीं गायक कलाकार संतोष व्यास, श्याम सलोना, मामराज अग्रवाल, राज राठौड़, महेश परमार, मनोज शर्मा, तनु शर्मा, आदित्य छिपा ,अशोक शर्मा, पूरण सैनी अपने मधुर भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्याम प्यारे को रिझाएंगे। दुसरे दिन 4 सितंबर को शाम 5:00 बजे से भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।




# दस दिवसीय धार्मिक यात्रा के पोस्टर का हुआ विमोचन

**जयपुर (हमारा वतन)।** श्री रघुनाथ सत्संग मंडल बड़कोलाई धाम रामनगर अनंतपुरा चौमूं के तत्वावधान में विश्व विख्यात पंच ज्योर्तिलिंगम, शिरडी साईंनाथ एवं शनि सिगनापुर मंदिर दर्शनार्थ आयोजित होने वाली दस दिवसीय धार्मिक यात्रा के पोस्टर का विमोचन अंजनी हनुमान मंदिर हाड़ोता के महंत ग्वालिया बाबा ने किया।विमोचन के समय यात्रा संयोजक रघुनाथ मंदिर बड़कोलाई धाम, रामनगर अनंतपुरा के रामबिहारीदास महाराज, समाजसेवी पूरण बाबा, सुदर्शन शर्मा, मदनलाल इंदौरिया, सुरेश गोदारा, रमेश देवंदा, हरिनारायण सैनी, प्रेमसिंह सोलंकी, विकास शर्मा मौजूद रहे।

यात्रा के सह संयोजक बी एल भंडारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस यात्रा का आयोजन आगामी 5 सितंबर से 14 सितंबर तक किया जाएगा। श्रद्धालुओं को धार्मिक यात्रा के दौरान सांवरिया सेठ, नाथद्वारा में श्रीनाथजी, एकलिंगी महादेव शिवपुरी, अक्षरधाम, अकलेश्वर महादेव मंदिर, नासिक में त्र्यंबकेश्वर ज्योर्तिलिंगम, शिरडी साईं नाथ, शनि सिगणापुर मंदिर, एलोरा गुफा, घृष्णेश्वर ज्योर्तिलिंगम दर्शन,भीमा शंकर ज्योर्तिलिंगम, लोना वाला खंडाला, ओंकारेश्वर मंदिर, उज्जैन महाकालेश्वर महादेव ज्योर्तिलिंगम दर्शन, काल भैरव मंदिर के दर्शन होंगे। यह धार्मिक यात्रा 5 सितंबर को प्रातः 10:15 बजे गढ़ गणेश मंदिर से रवाना होगी।

# जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने की स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा

**जयपुर (हमारा वतन)।** जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रथम डॉ. रवि शेखावत, द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल सहित चिकित्सा विभाग के अधिकारी और संबंधित विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

कलेक्टर डॉ. सोनी ने सक्षम जयपुर अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि आमजन को शिविरों का अधिक से अधिक लाभ दिलाया जाए तथा शिविरों में एनसीडी स्क्रीनिंग स्टॉल लगाकर लोगों की स्वास्थ्य जांच की जाए। उन्होंने आरबीएसके कार्यक्रम के तहत बच्चों की स्क्रीनिंग एवं उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मौसमी बीमारियों की रोकथाम पर चर्चा के दौरान कलेक्टर ने ऐंटीलार्वा गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने पर बल दिया। बैठक में एमएनडीवाई एवं एमएनजेवाई योजनाओं की समय पर पोर्टल एंट्री, एनसीडी कार्यक्रम में और अधिक प्रयास, कोटपा एक्ट के अंतर्गत नगर निगम से समन्वय, एएनसी रजिस्ट्रेशन में पिछड़े ब्लॉक्स में सुधार तथा पीसीपीएनडीटी योजना में नियमित निरीक्षण व डिकोय ऑपरेशन पर विशेष जोर दिया गया।

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जानकारी दी गई कि आईसीएमआर के सहयोग से विशेष अभियान चलाकर जिला जयपुर द्वितीय में टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग की जाएगी। इस दौरान डॉ. कलिका गुप्ता और डॉ. सृष्टि जैन ने विस्तृत जानकारी दी। बैठक में आईएचआईपी पोर्टल पर डेटा एंट्री, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, परिवार कल्याण कार्यक्रम, जेएसवाई,




राजश्री, लाडो, आभा आईडी, माँ वाउचर, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, अनीमिया मुक्त राजस्थान एवं ई-केवाईसी जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई।

कलेक्टर डॉ. सोनी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ आमजन तक अधिकतम रूप से पहुँचाने के लिए विभागीय समन्वय के साथ समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

# एक कहानी

एक कहानी मेरी और एक कहानी तेरी
एक कहानी जो मुझे समझ आयी
एक कहानी जो तुझे समझ आयी
हम दोनों मिलकर नई कहानी लिखते
तो एक नई कहानी बनती
शायद देश जाति समाज की
कहानी नहीं बनती
हर व्यक्ति षडयंत्र नहीं कर रहा होता
वह अपनी कहानी में मस्त है और
अपनी ही कहानी से त्रस्त है
तेरी कहानी में तू ज्यादा पढ़ रहा है
मेरी कहानी में माता-पिता के
संस्कार हैं
अब भी वक्त है एक अच्छी
कहानी लिख
अगर शून्य पर आ जाए तो भी लिख
वह कहानी मत बन जिससे
लोगों की बद्दुआ मिले
भगवान तुम्हारी दुआ नहीं सुन रहा
तो चिंता मत कर दुश्मन के टोटके
भी काम नहीं करेंगे
ईश्वर जरूरत पड़ने पर खुद
तुम्हारी लड़ाई लड़ेगा
एक कहानी मेरी और एक कहानी तेरी
मत बाँट तू इस प्रकार से जहाँ को
लिख एक कहानी ऐसी जो
इस जहाँ को एक कर दे ।



आरके गुर्जर, चौमूं, जयपुर

Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion

# जॉब्स

1. भारतीय रेलवे, पद पैरामेडिकल स्टाफ, पद संख्या 434, अंतिम तिथि 8 सितंबर 2025
2. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद सब इंस्पेक्टर/प्लाटून कमांडर, पद संख्या 1015, अंतिम तिथि 8 सितंबर 2025
3. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद स्कूल लेक्चरर, पद संख्या 3225, अंतिम तिथि 12 सितंबर 2025
4. यूपी पुलिस, पद सब इंस्पेक्टर, पद संख्या 4543, अंतिम तिथि 11 सितंबर 2025
5. बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) पद हेड कांस्टेबल रेडियो ऑपरेटर/ रेडियो मैकेनिक, पद संख्या 1121, अंतिम तिथि 23 सितंबर 2025
6. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद टीचर सेकंड ग्रेड, पद संख्या 6500, अंतिम तिथि 17 सितंबर 2025
7. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद जूनियर लीगल ऑफिसर, पद संख्या 12, अंतिम तिथि 25 सितंबर 2025
8. भारतीय जीवन बीमा निगम, पद असिसटेंट एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, पद संख्या 841, अंतिम तिथि 8 सितंबर 2025

# आप अपने इमोशन्स को लगातार दबा रही हैं संकेत जो बताते हैं कि...

किसी बात पर गुस्सा आने पर अधिकतर लोग चुपचाप उस परिस्थिति का सामना कर लेते हैं। जानते हैं वो संकेत जो इस बात को दर्शाते हैं कि व्यक्ति अपनी भावनाओं को दबाने का प्रयास कर रहा है। दो प्रकार के लोग होते हैं, एक वो जो चुपचाप सहन कर लेता है और एक वो जो अपनी बात को ज़ाहिर करता है। छोटी छोटी बातों पर आने वाला गुस्सा भले ही अन्य लोगों से व्यक्तिगत संबधों के खराब होने का कारण साबित होता है। मगर इससे व्यक्ति अपने इमोशंस को रिलीज करके शांत रह पाता है। दूसरी ओर वे लोग जो अन्य लोगों की बातों पर रिएक्ट करने की जगह मन ही मन घुटने लगते है और अपनी भावनाओं को सप्रेस यानि दबाने का प्रयास करते हैं। लंबे वक्त तक इंमोशंस को नियंत्रित करने से उसका प्रभाव शरीर के अन्य अंगों पर भी नज़र आने जगता है, जो कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण साबित होता है। जानते हैं वो संकेत जो इस बात को दर्शाते हैं कि व्यक्ति अपनी भावनाओं को दबाने का प्रयास कर रहा है।



**किस प्रकार से इमोशंस को दबाने की प्रक्रिया शुरू होती है**-इस बारे में बातचीत करते हुए मनोचिकित्सक डॉ युवराज पंत बनाते हैं कि अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त न कर पाना और उन्हें मन में एकत्रित करते जाना सप्रैसेंट इमोशंस कहलाते हैं। बचपन के दिनों में बच्चों को डांटना, फटकारना और उनके साथ दुर्व्यवहार करने से वे शांत और चुपचाप रहने लगते हैं। प्राइमरी केयरटेकर्स यानि माता पिता का सान्निध्य न मिलने या बच्चों की ओर पूरा ध्यान न दे पाने के कारण उनके कम्यूनिकेशन सिक्ल्स डेवलप नहीं हो पाते है। इसके चलते वे चाहकर भी अपनी भावनाओं को व्यक्त नहीं कर पाते हैं।

**किन भावनाओं को लोग छुपाने का प्रयास करते हैं**-किसी बात पर गुस्सा आने पर अधिकतर लोग चुपचाप उस परिस्थिति का सामना कर लेते हैं।डर लगने के बावजूद भी कुछ लोग उस बात को ज़ाहिर नहीं कर पाते हैं और मन के अंदर अपने इमोशंस को कैद कर लेते हैं।अक्सर होने वाली झुंझलाहट को अन्य लोगों पर ज़ाहिर नहीं कर पाते हैं और मन ही मन खुद को कोसते रहते हैं।जीवन में बहुत सी ऐसी चीजें होती है, जो डिसअपॉइंटमैंट का कारण साबित होती हैं। व्यक्ति जीवन में मायूस होकर भावनाओं को दबा लेता है।

**चुप हो जाना**-अचानक बात करते करते जब मामला गंभीर होने लगता है, तो अपनी भावनाओं को दबाले वाले लोग उस वार्तालाप से पीछे हटने का प्रयास करते हैं। वे किसी भी प्रकार की बहस और गुस्से से दूर रहते हैं और चुप रहकर परिस्थित को संभालने लगते हैं।




**2. सब कुछ ठीक होने का नाटक करना**- अन्य लोग उनकी परिस्थिति को न जान पाएं। इसके लिए ऐसे लोग कई परेशानियां और चिंताएं होने के बावजूद सब कुछ ठीक होने का दावा करते हैं। वे किसी व्यक्ति के लिए परेशानी का कारण नहीं बनना चाहते है इसलिए सदैव अपनी पीढ़ा को छुपा लेते हैं।

**3. अकेलापन महसूस करना**- भावनाओ को जाहिर न कर पाने के कारण व्यक्ति अपने विचारों के साथ खुद को अकेला पाता है। उस लगने लगता है कि वो अकेला है और वो दोस्तों से बातचीत और मिलना जुलना बंद कर देता है। ऐसे लोग सभी समस्याओं के लिए खुद जिम्मेदार मानने लगते हैं और वो चुप रहकर समस्या सुलझाने का प्रयास करते हैं।

**4. लोगों को प्रसन्न करने का प्रयास**- ऐसे लोग अन्य लोगों को हर पल खुश रखने का प्रयास करने लगते हैं। वे खुद से ज्यादा अन्य लोगों को प्रमुखता देने लगते हैं, जो बर्नआउट का कारण भी साबित होता है। ऐसे लोग अपने महत्व को समझ नहीं पाते हैं और दूसरों को प्रसन्न रखने का प्रयास करते रहते हैं, वे हमेशा अन्य लोगों को नाराज़ करने से डरते हैं।


**इस समस्या से कैसे बाहर आएं**- अपनी भावनाओं को ज़ाहिर करें और किसी भी परेशानी से निकलने के लिए अपना मार्ग खुद बनाएं। स्वंय की इच्छाओं को प्राथमिकता दें। इससे आप खुद को प्रेम करने लगेंगे और अपनी पसंद व नापसंद के बारे में जान पाएंगे। दूसरों को हरपल खुद रखने की कोशिश करना छोड़ दें और अपने जीवन को अपने अनुसार चलाने का प्रयास करें। अपनी बातों को अन्य लोगों के समक्ष जाहिर करें और एक सोशन सर्कल मेंटेन करें। इससे व्यक्ति एक्सप्रेसिव बनने लगता है और अपनी भावनाओं को व्यक्त करने में समर्थ हो जाता है।

## बॉलीवुड चटकारा




# धनश्री वर्मा

## युजवेंद्र चहल से तलाक के बाद माता-पिता को लेकर पहली बार बोलीं कहा- वो हर दिन मुझे...



बीते दिनों युजवेंद्र चहल ने अपने इंटरव्यू में पहली बार तलाक को लेकर खुलकर बात की, वहीं अब धनश्री ने भी इंटरव्यू में अपनी बात रखी है। धनश्री ने उस पल के बारे में बताया, जब उनके इस बड़े फैसले ने उनके माता-पिता पर भी गहरा असर डाला था। एक्ट्रेस, कोरियोग्राफर और फेमस यूट्यूबर धनश्री वर्मा बीते दिनों क्रिकेटर युजवेंद्र चहल संग अपने तलाक को लेकर काफी सुखियों में रही हैं। दोनों के तलाक को आज काफी वक्त हो चुका है, लेकिन आज भी लोग इसको लेकर न सिर्फ बात करते हैं, बल्कि धनश्री को ट्रोल भी किया जाता है। जहां बीते दिनों युजवेंद्र चहल ने अपने इंटरव्यू में पहली बार तलाक को लेकर खुलकर बात की, वहीं अब धनश्री ने भी इंटरव्यू में अपनी बात रखी है। धनश्री ने उस पल के बारे में बताया, जब उनके इस बड़े फैसले ने उनके माता-पिता पर भी गहरा असर डाला था।



**मुझे अपने माता-पिता के लिए मजबूत रहना पड़ा**-धनश्री वर्मा ने हाल ही में ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे को अपना इंटरव्यू दिया है। इस इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि पांच साल की शादी को तोड़ना न सिर्फ उनके बल्कि उनके पैरेंट्स के लिए भी आसान नहीं था। ये बेहद दर्दनाक था। धनश्री ने बताया कि कैसे इस तलाक ने न केवल उन्हें, बल्कि उनके परिवार को भी गहराई से प्रभावित किया। मुझे अपने माता-पिता के लिए मजबूत रहना पड़ा।

## बिग बॉस 19 में नजर आएगी ये एक्ट्रेस, एक्स पति रह चुका है सलमान के शो का हिस्सा



बिग बॉस 19 जल्द ही शुरू होने वाला है। ऐसे में कई कथित नामों की चर्चा हो रही है जो इस सीजन शो का हिस्सा हो सकते हैं। ऐसा ही एक नाम है बिग बॉस 18 में नजर आ चुके कंटेस्टेंट की एक्स वाइफ का। ये एक्ट्रेस प्यार की एक कहानी शो में अहम भूमिका में नजर आ चुकी हैं। बिग बॉस 19 को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। सलमान खान का रियलिटी शो जल्द ही शुरू होने वाला है। ऐसे में कई कथित नामों की चर्चा है जो इस साल शो का हिस्सा हो सकते हैं। इन नामों की सूची में बिग बॉस 18 के कंटेस्टेंट विवयन डीसेना की एक्स वाइफ का नाम भी शामिल हो गया है। फैंस इस नाम को सुनने के बाद कह रहे हैं कि इन्हें पिछले सीजन में ही आना चाहिए था। कई फैंस वाहबिज दोराबजी का नाम सुनकर उत्साहित हैं।

**बिग बॉस 19 का हिस्सा होंगी विवियन की एक्स पत्नी**-मीडिया रिपोर्ट की मानें तो विवियन डीसेना की एक्स वाइफ वाहबिज दोराबजी को सलमान खान के शो के लिए अप्रोच किया गया है। मेकर्स अभी उन्हें शो में हिस्सा लेने के लिए मना रहे हैं। अगर सब चीजें ठीक रहती हैं तो वाहबिज दोराबजी इस साल बिग बॉस के घर में नजर आ सकती हैं।

**कई सालों से किया जा रहा अप्रोच**-रिपोर्ट्स की मानें तो बाहबिज ने कहा कि उन्हें कई सालों से बिग बॉस का ऑफर आ रहा है। लेकिन पहले कुछ फाइनल नहीं हो पा रहा था।

## स्वरा भास्कर की क्रश हैं अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव, बोलीं- मेरे पति फाहद के...



स्वरा भास्कर कई बार अपने स्टेटमेंट्स को लेकर मुश्किल में फंस जाती हैं। अब स्वरा ने नया स्टेटमेंट दिया है जिसमें उन्होंने बताया कि अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव उनकी क्रश हैं। स्वरा भास्कर अपने स्टेटमेंट्स को लेकर कई बार चर्चा में रहती हैं। कई बार वह इस वजह से ट्रोल भी हो जाती हैं, लेकिन वह अपनी राय देने से पीछे नहीं हटती हैं। अब स्वरा ने अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को लेकर एक कमेंट किया है। उन्होंने डिंपल को अपना क्रश बताया है। इसके अलावा उन्होंने बायसेक्सुअल को लेकर भी एक कमेंट किया है। **क्या बोलीं स्वरा**- स्वरा बोलती हैं, अगर लोगों को उनकी इच्छा के हिसाब से जीने दिया जाए तो सभी बायसेक्सुअल होंगे। लड़का-लड़की के रिश्तों का विचार हम पर हजारों सालों से थोपा गया है। स्वरा भास्कर ने आगे कहा कि विषमलैंगिकता (हेट्रोसेक्सुअलिटी) को सामान्य नियम केवल इसलिए बनाया गया क्योंकि इससे ह्यूमन रेस कंटीन्यू होती है। स्वरा ने जब यह कहा तो उनके पति फाहद अहमद भी वहीं थे।

**डिंपल यादव हैं स्वरा की क्रश**=इसी इंटरव्यू के दौरान स्वरा से जब उनके क्रश के बारे में पूछा गया तो उन्होंने डिंपल यादव का नाम लिया जो अखिलेश यादव की पत्नी हैं। स्वरा ने यह भी कहा कि इस खुलासे से उत्तर प्रदेश में उनके पति के राजनीतिक करियर पर असर पड़ सकता है। अब स्वरा के इस स्टेटमेंट के बाद कई लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। कोई उनपर गुस्सा भी कर रहा है। एक ने लिखा कि आप क्या कह रही हो, आपका पता भी है? वहीं एक ने लिखा कि स्वरा का पूरा ब्रेनवॉश कर दिया गया है।

टिकिट

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

# स्वस्थ आदिवासी समाज का सपना

भारत के आदिवासी समुदाय हमारी सांस्कृतिक विरासत के मूल तत्व का प्रतिनिधित्व करते हैं। देश की कुल जनसंख्या के ये 8.6 प्रतिशत हैं। इन समुदायों के कई व्यक्ति जानकारी के अभाव में 'सिकल सेल' नामक आनुवंशिक बीमारी से जूझ रहे हैं। इस बीमारी ने उनके स्वास्थ्य के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक विकास पर भी गहरा असर डाला है। भौगोलिक अलगाव एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित पहुंच के कारण यह रोग और जटिल हो गया है। इस गंभीर आवश्यकता को पहचानते हुए भारत सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जुलाई 2023 में 'राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन' की शुरुआत की थी। इस मौलिक पहल का उद्देश्य न केवल इसके आनुवंशिक संचरण का उन्मूलन करना है, बल्कि इस रोग से प्रभावित लाखों लोगों के सम्मान और स्वास्थ्य को भी बहाल करना है। सिकल सेल रोग में लाल रक्त कोशिकाओं का आकार बदल जाता है, जिससे ऑक्सीजन वहन करने की उनकी क्षमता कम हो जाती है और धीरे-धीरे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर जटिलताएं उत्पन्न होने लगती हैं। आदिवासी समाज के बीच इसका प्रभाव विशेष रूप से गहरा है। 'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज एस्टिमेट्स (2021)' रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रतिवर्ष लगभग 82,500 बच्चों का जन्म सिकल सेल रोग के साथ होता है।राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति-2017 ने इस संकट से निपटने के लिए आधार तैयार किया और साल 2023 के केंद्रीय बजट में 'राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन' की घोषणा की गई, जिसमें वित्त वर्ष 2025-2026 के अंत तक 40 वर्ष से कम आयु के सात करोड़ लोगों की मिशन मोड में जांच करने का लक्ष्य रखा गया। यह कार्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत क्रियान्वित किया गया, जिससे यह दुनिया के सबसे बड़े आनुवंशिक जांच कार्यक्रमों में से एक बन गया है। इस मिशन का उद्देश्य 2047 तक सिकल सेल रोग के आनुवंशिक संचरण को समाप्त करना और इससे पीड़ित लोगों की व्यापक देखभाल सुनिश्चित करना भी है।केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और राज्यों के संयुक्त प्रयासों से पहले दो वर्ष में ही इस मिशन को उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त हुए हैं। 31 जुलाई, 2025 तक इस रोग से सर्वाधिक प्रभावित राज्यों के 300 से भी अधिक जिलों में 6.07 करोड़ से अधिक व्यक्तियों की जांच की जा चुकी है। इनमें से करीब 2.16 लाख लोग रोगग्रस्त पाए गए, जबकि 16.92 लाख को वाहक के रूप में पहचाना गया। इसके करीब 95 प्रतिशत मामले केवल पांच राज्यों- ओडिशा, मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में मिले हैं।छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर के नवापारा की एक युवा आदिवासी मीना की कहानी इस मिशन के सकारात्मक प्रभाव का प्रतीक है। मीना को निकट के एक उप-स्वास्थ्य केंद्र में नामांकित किया गया। प्रशिक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), एएनएम और आशा कार्यकर्ता ने यह सुनिश्चित किया कि उसे निःशुल्क 'हाइड्रोक्सीयूरिया' औषधि समय पर मिलती रहे। इससे सिकल सेल रोग के लक्षणों में उल्लेखनीय कमी आई। आज, मीना पहले से अधिक स्वस्थ है और अपने समुदाय में आनुवंशिक रोगों के परामर्श में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है।इस मिशन का क्रियान्वयन केवल स्क्रीनिंग पर केंद्रित नहीं है; बल्कि यह पीड़ित व्यक्तियों की समग्र देखभाल को प्राथमिकता देता है। सिकल सेल रोग के प्रबंधन के लिए एक प्रमुख दवा है 'हाइड्रॉक्सीयूरिया'। इसे राष्ट्रीय आवश्यक औषधि सूची (ईडीएल) में शामिल किया गया है और अब यह आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप-स्वास्थ्य केंद्रों में भी उपलब्ध है। अब तक 2.62 करोड़ से अधिक आनुवंशिक स्टेटस कार्ड वितरित किए जा चुके हैं, जिससे लोगों को उपयोगी स्वास्थ्य जानकारियां मिली हैं। यह कार्ड परामर्श और उचित निर्णय लेने का एक प्रभावी माध्यम बन गया है।


राम गोपाल सैनी

## न्यूरोथेरेपी दिवस

# नारायण सेवा न्यूरोथेरेपी सेंटर पर लगाया फ्री हेल्थ कैंप

**चौमूं (हमारा वतन)।** न्यूरोथेरेपी के जनक डॉ.लाजपतराय मेहरा के 93वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में नेशनल न्यूरोथेरेपी दिवस मनाते हुए चौमूं तहसील के हाथनोदा ग्राम स्थित नारायण सेवा न्यूरो थेरेपी उपचार एवं प्रशिक्षण केंद्र की तरफ से निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। इस शिविर में 300 से अधिक रोगियों ने चिकित्सा कैंप का लाभ उठाया। बहुत सारे पेशेंट तो ऐसे आए जिनका चिकित्सा से तुरंत लाभ पहुंचा।

केंद्र संचालक कल्याण सिंह गुर्जर ने बताया की चिकित्सा में योगदान देने के लिए पूरे भारतवर्ष से न्यूरो थेरेपी एक्सपर्ट अनिल शर्मा नोएडा से, कल्पना धीमान दिल्ली से, सत्येंद्र आर्य भिवानी से, प्रमोद शर्मा झुंझुनू से, डॉक्टर दिलीप सैनी नवलगढ़ से, संजय बागोरिया श्रीगंगानगर से, जय किशन जयपुर से, पुरुषोत्तम पंजाब से, डॉक्टर हनुमान गुर्जर दूदू से, डॉक्टर एचएल प्रजापति सीकर से, पुष्पेंद्र परमार आगरा से, योगेश टाटा जयपुर से, मुकेश यादव नारनौल से, हिम्मत सिंह चौमूं से, प्रियंका कुमारी चरखी दादरी से, राहुल कसाना अजीतगढ़ से, गजेंद्र योगी चौमूं से, खुशबू कुमारी चौमूं से,मदन प्रजापत ने जयपुर से पधारकर चिकित्सा सेवाएँ प्रदान की। शिविर में बिना मशीन, बिना दवाई और बिना दर्द के जोड़ों से संबंधित सभी रोग, एलर्जी, बुखार, सर दर्द ,पेट से संबंधित सभी रोग, महिलाओं से संबंधित सभी रोग, सेरेब्रल पाल्सी आदि रोगों का इलाज सफलतापूर्वक किया गया।

इस दौरान पूर्व सरपंच कैलाश चन्द सैनी, देव नारायण मंदिर निर्माण कमेटी अध्यक्ष गोमाराम गुर्जर, पूर्व सैनिक हनुमान सहाय मीणा, पूर्व अध्यापक शिम्भू दयाल शर्मा, चौमूं तहसील देव सेना अध्यक्ष राम नारायण गुर्जर, उदय सिंह कुड़ी, घासीराम गुर्जर, जगदीश मुनीम, भगवान सहाय सैनी सहित कई लोग मौजूद रहे।





## आदिवासी दिवस पर तेजराज यादव शाहपुरा का हुआ सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** आदिवासी दिवस पर आदिवासी समाज द्वारा समाजवादी पार्टी युवजन सभा प्रदेश अध्यक्ष तेजराज यादव शाहपुरा का सम्मान हुआ।

साथ ही बताया कि समाज मे एकता का संदेश देते हुए शिक्षा के क्षेत्र मे बढावा देना चाहिए ताकि परिवार शिक्षित होगा तो समाज शिक्षित होगा तो अपने हक की लडाई लड सकेंगे।




## जनसेवक रविकांत शर्मा ने जनता की समस्याओं को लेकर शुरू किया उपवास

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं विधानसभा के फतेहपुरा बांसा ग्राम निवासी जनसेवक रविकांत शर्मा ने आज अपने जन्मदिवस पर अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य की प्रेरणा से 2 दिन का उपवास शुरू किया।

फतेहपुरा बांसा स्थित लक्ष्मीनाथजी के चौक में पंडित रविंद्र आचार्य ने अपने शिष्य रविकांत शर्मा को आज प्रातः 11:15 बजे संकल्प दिलाकर ग्राम विकास की विभिन्न मांगों को लेकर दो दिवसीय उपवास शुरू करवाया।

जनसेवक रविकांत शर्मा ने बताया कि मैंने ग्राम पंचायत प्रशासन को जगाने के लिए विभिन्न जन समस्याओं की मांगों को लेकर आज से दो दिन का उपवास शुरू किया है, जिसमें बंद पड़े ट्यूबवेल, टूटी हुई पानी की लाइनों को दुरुस्त करवाने, दोनों टाइम पानी की व्यवस्था करवाने, पंचायत क्षेत्र की नियमित साफ-सफाई और कचरा पात्र रखवाने, टूटी जर्जर हुई सड़कों की मरम्मत और नवीनीकरण करवाने, राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा की सभी योजनाओं का लाभ पंचायत क्षेत्र के लोगों को दिलवाने, महानरेगा / ग्रामीण विकास की योजना में लगे सभी कार्मिकों का विवरण सार्वजनिक करवाने, पंचायत क्षेत्र की सभी ट्यूब लाइटों को ठीक करवाने और जहां पर आवश्यक हो वहां नई लाइटें लगवाने, ग्राम पंचायत में लंबित पट्टों का निस्तारण करवाने, पानी के बकाया बिलों को माफ करवाने, ग्राम सभा का आयोजन करवाने जिसमें पिछले 5 साल का संपूर्ण विवरण प्रस्तुत करवाने, पंचायत क्षेत्र के सभी बच्चों के लिए निःशुल्क लाइब्रेरी सुविधा उपलब्ध करवाने, अपराध रोकथाम के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाने और हाल ही में बने शौचालय की साफ सफाई करवाकर आमजन के लिए खुलवाने सहित कई समस्याओं को लेकर दो दिन का उपवास जारी है। इस दौरान कई ग्रामीण मौजूद रहे।

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU !
थाना मोड़, चौमूँ
फलैक्स/विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल–बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई – कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादक: सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।